हरिभूमि
मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 15 अक्टूबर 2025

06 अटल प्रतिमा में हुए भ्रष्टाचार की जांच की उठाई मांग...



09 136 पोलिंग बूथों पर निष्पक्ष और शान्तिपूर्ण...





## खबर संक्षेप

### दिव्यांग बच्चों द्वारा बनाए गए दीपक




**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. एवं जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव सहित विभिन्न विभागों के जिलाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट परिसर में वसुंधरा विशेष विद्यालय द्वारा लगाए गए स्टॉल से दिव्यांग बच्चों द्वारा सुसज्जित किए गए मिट्टी के दीपक खरीदे। इन बच्चों ने दियों को विविध रंगों के माध्यम से अपनी कल्पनाशीलता को रंग-बिरंगी आकर्षक आकृति के रूप में व्यक्त किया है। सभी अधिकारियों द्वारा बच्चों से दीपक खरीदे गए। सभी दिव्यांग बच्चे कलेक्टर सहित सभी अधिकारियों को अपने बीच पाकर बेहद प्रसन्न नजर आए। कलेक्टर ने सभी बच्चों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनकी इस कलाकृति की सराहना की। बच्चों ने कलेक्टर सहित सभी अधिकारियों को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। वसुंधरा वेलफेयर फाउंडेशन संस्था के अध्यक्ष अर्जुन सिंह ने बताया कि संस्था के विद्यार्थियों को विशेष शिक्षण के साथ-साथ योग, ध्यान, थेरेपी, ऑक्यूपेशनल थेरेपी, खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियां भी कराई जाती है।

### अमलाह से सीहोर मुख्यालय पहुंची किसानों की ट्रैक्टर यात्रा, कलेक्ट्रेट में नारेबाजी कर सौंपा ज्ञापन

# सोयाबीन की 80 प्रतिशत फसल बर्बाद ! मुआवजे की मांग को लेकर किसानों के साथ सड़क पर उतरी करणी सेना

किसानों ने बताया कि जिले में सोयाबीन की लगभग 80 प्रतिशत फसल नष्ट हो चुकी है, जिससे किसान भारी आर्थिक संकट में हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर




सोयाबीन की फसल बर्बादी के मुआवजे की मांग को लेकर सोमवार को कलेक्ट्रेट में करणी सेना प्रमुख ठाकुर जीवन सिंह शेरपुर ने देश के कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान पर तीखा हमला बोला। अमलाहा से किसान अधिकार ट्रैक्टर यात्रा लेकर पहुंचे किसानों का नेतृत्व करते हुए शेरपुर ने कहा कि शिवराज सिंह चौहान किसानों की लड़ाई लड़ते-लड़ते देश के कृषि मंत्री बन गए और मुख्यमंत्री भी रहे, पर किसानों का भला अब तक नहीं हुआ।

जिले से आने वाले शिवराज सिंह चौहान को संबोधित करते हुए जीवन सिंह शेरपुर ने कहा किसान पुत्र कहने वाले से हमारा यही निवेदन है कि आपने खेती कर रखी है तो आपको पता होगा कि 11 हजार रुपये प्रति बीघा का हमारा नुकसान हो रहा है। उन्होंने मांग की कि सरकार जल्द से जल्द किसानों को मुआवजा दे।


**80 फीसदी फसल खराब :** किसानों ने बताया कि जिले में सोयाबीन की लगभग 80 प्रतिशत फसल नष्ट हो चुकी है, जिससे किसान भारी आर्थिक संकट में हैं। किसानों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश के अन्य जिलों में मुआवजा वितरित किया जा चुका है, लेकिन सीहोर जिले को जानबूझकर बाहर रखा गया है।

#### शेरपुर की चेतावनी

जीवन सिंह शेरपुर ने सरकार को दो टूक चेतावनी देते हुए कहा हम सरकार से वादा करते हैं, आज हम मुसीबत में हैं। यदि सरकार हमारे साथ खड़ी होती है तो हम वादा करते हैं कि हम भी आपके साथ खड़े होंगे।

यदि आप हमारे साथ खड़े नहीं हुए तो हम भी आपका विरोध करेंगे। किसानों ने तत्काल जिले में मुआवजा वितरण शुरू करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

#### किसानों ने निकाली ट्रैक्टर रैली



सीहोर जिले को आरबीसी 6-4 के तहत राहत राशि व बीमा वंचित किये जाने पर सीहोर जिले के किसानों द्वारा किसान सोहन शंकर लाल पटेल व करणी सेना अध्यक्ष जीवन सिंह शेरपुरा के नेतृत्व में दर्जनों गांव के किसान व समाजसेवी एम.एस.मेवाड़ा द्वारा ग्राम अमलाहा से विशाल ट्रैक्टर रैली निकाली गई जो कि सीहोर कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंची, जहाँ पर अनुविभागीय अधिकारी को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि किसानों की विगत 5 वर्षों से खराब हुई सोयाबीन की फसल की बीमा राशि दी जावे। किसानों को समय पर खाद व बीज की उपलब्धता कराई जावे। जिन किसानों की फसल दवाईयों से खराब हुई है दवा कम्पनियों से किसानों के नुकसान की भरपाई कराई जावे। क्योंकि सीहोर जिले को आरबीसी 6-4 के तहत राहत राशि व बीमा वंचित रखा गया है। जबकि प्रदेश के जिला शाजापुर, भोपाल, उज्जैन, देवास, विदिशा, रायसेन आदि जिलों के किसानों को राहत राशि मिल रही है। जबकि सीहोर जिला केंद्रीय कृषि मंत्री का गृह जिला होने के बावजूद भी सीहोर जिले को राहत राशि से वंचित कर दिया गया है। जिसको लेकर किसान लोग धरना प्रदर्शन आंदोलन करते चले आ रहे हैं और ज्ञापन देते चले आ रहे हैं कि खराब हो रही सोयाबीन की फसल की सर्वे की जाए, राहत राशि दी जाए, बीमा राशि दी जाए। लेकिन किसानों की जिला प्रशासन द्वारा कोई भी सुनवाई नहीं की जा रही है। मजबूर सीहोर जिले अनेक गांव से किसान लोग अपने-अपने ट्रैक्टर लेकर किसान रैली निकालकर कलेक्ट्रेट कार्यालय सीहोर पहुंचे और मुख्यमंत्री व केन्द्रीय कृषि मंत्री को ज्ञापन सौंपा गया। किसान अपनी मांगों को लेकर लगभग 20 से लेकर 30 किलोमीटर दूर तक से ट्रैक्टर रैली लेकर आये। सभी के हाथों में झण्डे व तक्तियाँ नजर आ रही थी और किसान अपनी मांगों को लेकर गगन भेदी नारे लगा रहे थे। इस मौके पर किसान सोहन शंकर लाल पटेल, करणी सेना अध्यक्ष जीवन सिंह शेरपुरा, किसान व समाजसेवी एम.एस.मेवाड़ा, मोनू वर्मा, अरुण, रोहित वर्मा, शुभम, विनोद वर्मा, नवीन पटेल, गब्बर, स्वराज वर्मा, अंकित वर्मा, अभिषेक वर्मा सहित दर्जनों गाँव के किसान उक्त ट्रैक्टर रैली में शामिल रहे।

## भावांतर योजना के तहत पंजीयन केंद्रों का निरीक्षण नहीं करने वाले अधिकारियों को कलेक्टर ने लगाई जमकर फटकार

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने सभी विभागों के समय-सीमा वाले प्रकरणों और सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की और समय सीमा के भीतर सभी प्रकरणों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतें प्राथमिकता से बंद कराएं।

बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने भावांतर योजना के तहत किसान पंजीयन एवं पंजीयन केंद्रों की व्यवस्था की समीक्षा के दौरान कई नोडल अधिकारियों द्वारा पंजीयन केन्द्रों का निरीक्षण नहीं करने पर जमकर फटकार लगते हुए कहा कि भावांतर योजना किसानों के हित में सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वपूर्ण योजना है। भावान्तर योजना के संचालन में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने चेतावनी दी कि लापरवाह अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई के लिये वरिष्ठ कार्यालय को लिखा जायेगा। उल्लेखनीय है कि भावांतर योजना के सफल संचालन के लिये कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा भावांतर योजना की व्यवस्थाओं के लिये अनेक विभागों के जिला अधिकारियों को नोडल अधिकारियों बनाया गया है। भावांतर योजना के तहत अभी तक 26 हजार से अधिक किसानों ने पंजीयन करा लिया है। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने भी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, रविंद्र परमार, एसडीएम तन्मय वर्मा, डिप्टी कलेक्टर स्वाति मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



**पराली जलाने पर लगाएं रोक, किसानों को करें जागरूक :** बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे किसानों को पराली जलाने के नुकसान के बारे बताएं और जागरूक करें। उन्होंने कहा कि किसानों को बताया जाये कि पराली जलाने से पर्यावरण में प्रदूषण होता है और भूमि की उर्वरा शक्ति कमजोर होती है। मिट्टी में उपलब्ध लाभदायक जीवाणु, फंगस, मित्र कीट, कार्बनिक पदार्थ जलकर नष्ट हो जाते है। जिससे जमीन कठोर एवं मृत हो रही है तथा मिट्टी का तापमान बढ़ रहा है। पराली जलाने से कोई लाभ नही है। बल्कि इसके कई हानिकारक प्रभाव है। जिससे जमीन में आवश्यक पोषक तत्वों की निरंतर कमी हो रही है एवं मिट्टी में कार्बन तत्व निरंतर कम हो रहा है।

जिससे असंतुलन की स्थिति निर्मित हो रही है। धान की कटाई के बाद सुपर सीडर से सीधी बिना पलेवा, बिना जुताई किये हुये धान में उपलब्ध नमी का उपयोग करते हुए गेहूं एवं अन्य फसलों की बुवाई की जा सकती है। जिससे कृषकों का जुताई में लगने वाला डीजल एवं पलेवा में लगने वाले पैसे की बचत होगी। उन्होंने पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए पराली जलाने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करने के भी निर्देश दिये।

**पानी अधिक से अधिक रोकें :** बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि वर्षा ऋतु लगभग समाप्ति पर है। अभी नदियों एवं छोटे नालों में व्यर्थ बह रहे पानी को रोका जाये। इसके लिये जगह-जगह नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बोरी बांध के माध्यम से पानी को रोक कर उस क्षेत्र का जलग्रहण और भूजल स्तर बढ़ाया जा सकता हैं। इससे कुछ समय तक किसानों को फसलों की सिंचाई के लिये, मवेशियों को पीने के लिए और इसके साथ ही अन्य जरूरतों के उपयोग के लिया पानी बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि किसानों को भी जागरूक करें कि वे अपने खेतों में ढलान वाली जमीन पर पानी का संचय करें। इसके साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये वे किसानों को स्प्रिंकलर सिंचाई के लिये प्रेरित करें। स्प्रिंकलर सिंचाई से पानी की बचत की जा सकती है।

## परमार बंधुओं की स्मृति में फल वितरित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा






एक वर्ष पूर्व दुर्घटना में नगर के सामाजिक एवं धार्मिक कार्य में अग्रणी रहने वाले हंसमुख, मिलनसार भाई सुनील परमार व संजय परमार का निधन हो गया था। जिनकी स्मृति में शासकीय अस्पताल में मरीजों को फल व बिस्किट का वितरण किया गया व उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। मंगलवार को प्रातः 11 बजे परमार बंधुओं की प्रथम पुण्य तिथि पर शासकीय अस्पताल में मरीजों को फल फ्रूट व बिस्किट का वितरण किया गया। उसके बाद उपस्थित नागरिकों द्वारा उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर दो मिनिट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान दोनों राजनैतिक दलों के नेता, गणमान्य नागरिक, इष्टमित्र व परिजन उपस्थित थे।

### क्षेत्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त कर जीता सिल्वर मेडल



**नलखेड़ा।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर, केशवकुंज की तरुण वर्ग कबड्डी टीम ने क्षेत्रीय स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का आयोजन वनखेड़ी भोपाल में हुआ था जहां से टीम के खिलाड़ियों के विद्यालय आगमन पर सचिव गिरिराज तेजरा सहित नलखेड़ा शिक्षण समिति, प्राचार्य ईश्वर सोलंकी, प्रधानाचार्य अशोक प्रजापति एवं आचार्य परिवार ने उनका स्वागत गया।

## शासकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय वेबिनार आयोजित

**नलखेड़ा।** सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय में नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का व्यक्ति के चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व विकास में योगदान विषय पर ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर राष्ट्रीय वेबिनार आयोजित हुआ। डॉ जगदीश प्रसाद कुल्मी सह समन्वयक ने वेबिनार के संपूर्ण कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। संस्था के प्राचार्य एवं राष्ट्रीय वेबिनार के संरक्षक डॉ.जीएल रावल ने स्वागत स्वरुप उद्बोधन दिया। डॉ डीपी चतुर्वेदी सह संरक्षण एवं प्राचार्य पीएम एक्सीलेंस नेहरू शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय आगर ने आशिर्वाद वचन दिया। वेबिनार के प्रथम सत्र के वक्ता विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ अंशु जोशी, फैकल्टी, अन्तर्राष्ट्रीय अध्ययन शाला, जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय नई दिल्ली का व्याख्यान हुआ। वेबिनार के द्वितीय सत्र में विशेषज्ञ के रूप में डॉ. संजय कुमार प्राध्यापक, मनोविज्ञान विभाग, केन्द्रीय विश्वविद्यालय, प्रयागराज,उत्तर प्रदेश का व्याख्यान हुआ। इस राष्ट्रीय वेबिनार में प्रबुद्ध वर्ग, प्राचार्य, प्राध्यापक, अतिथि विद्वान, शोधार्थी एवं विद्यार्थी ने ऑनलाइन 514 पंजीयन करवाया। विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत करीब 100-100 व्यक्ति ऑनलाइन के माध्यम से जुड़े। साथ ही महाविद्यालय में लगभग 150 विद्यार्थियों द्वारा प्रिंटेड बोर्ड द्वारा वेबिनार में हिस्सा लिया गया। इस अवसर कार्यक्रम के आयोजक डॉ आशीष साखंला, डॉ सीमा तारे, डॉ सर्वेश व्यास , डॉ बलवंत सिंह दांगी, तकनीकी समिति के प्रकाश चन्द्र बालोदिया, शोध आलेख समिति के महेश कुमार गोयल, डॉ सुधा चाकरे, जेनुल आबदीन अजमेरी, सलाहकार समिति के डॉ गीतेश कुमार डावर, महेन्द्र सिंह गुजराती, सुधा शर्मा एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### गुरुकुल कॉन्वेंट स्कूल में हुआ प्रवचन का कार्यक्रम

# शिक्षकों के माध्यम से ही विकसित राष्ट्र का निर्माण होता है : मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

शिक्षकों की देश में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। शिक्षकों के माध्यम से ही विकसित राष्ट्र का निर्माण होता है। शिक्षकों के आचरण का भावी भविष्य पर असर होता है। निःस्वार्थ भावना वाले शिक्षक के उपकार को बच्चे कभी नहीं भूलते हैं। बच्चे गीली मिट्टी के समान होते हैं उनको जैसा बनाया जाय वैसा वो बन जाते हैं। बच्चे देश के भावी भविष्य है। मोबाइल पर समय बर्बाद करके आप अपने स्वास्थ्य को भी खराब करते हैं।

दिगंबर जैन समाज में चातुर्मास हेतु विराजित मुनि विवर्धन सागर महाराज व मुनि विश्व नायक महाराज ने मंगलवार को गुरुकुल कॉन्वेंट स्कूल में प्रवचन के दौरान यह बात छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों के समक्ष कही गई। मुनि श्री ने कहा कि जीवन जीना महत्वपूर्ण नहीं है। जीवन कैसे जिया जावें यह महत्वपूर्ण है। जीवन तो सभी प्राणी, पशु पक्षी भी जीवन जीते हैं। मनुष्य के अंदर धर्म होता है जिससे हम पशु पक्षी से भिन्न हैं। उन्होंने कहा कि हमने उस भूमि पर जन्म लिया जहां भगवान राम,कृष्ण, हनुमान, महावीर ने जन्म लिया। अंग्रेजों की गुलामी के बाद आज हम महापुरुषों के बलिदान के कारण स्वतंत्र भारत में जी रहे हैं। लेकिन आज की स्वतंत्रता में हम प्राचीन संस्कृति को न भूल जावे। प्राचीन काल में गुरुकुल में सभी राजा महाराजा अपनी संतान को शिक्षा दीक्षा के लिए भेजते थे। आपकी संस्था भी गुरुकुल है। गुरुकुल में शिष्टाचार की शिक्षाएं दी जाती थी। आप भारत देश के भविष्य है। आपको बड़ा होकर देश की बागडोर संभालना है। कोई हमारे जैसा संत भी आप में से ही बनेगा।

मुनिश्री ने कहाकि जैसे कुंभकार गीली मिट्टी से किसी भी प्रकार का आकार दे देता है। इसी प्रकार बच्चे भी गीली मिट्टी के समान होते हैं। उनको जैसा बनाया जाए वैसा वो बन जाते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षक छात्रों की दृष्टि में उच्च स्थान रखते हैं। शिक्षकों की चर्या अनुसार ही छात्र की जीवन शैली होती है। शिक्षकों में भी कोई दुव्यसन नहीं होना चाहिए। शिक्षकों के आचरण का भावी भविष्य पर असर होता है। शिक्षकों को उच्च आचरण की शिक्षा देना चाहिए। विशाल सोच शिक्षकों की होना चाहिए। निःस्वार्थ भावना वाले शिक्षक के उपकार को बच्चे कभी नहीं भूलते हैं।

मुनिश्री ने कहाकि धर्म के साथ आपको जीवन जीना चाहिए। धर्म के बिना शांति और आनंद नहीं आता है। धन कमा लिया लेकिन शांति नहीं तो सब व्यर्थ है। आत्मा के साथ धर्म ही साथ जाता है। उन्होंने कहाकि आज कोई भी अपने बच्चे का नाम रावण नहीं रखता। राम की अच्छे कार्य के कारण आज भी घरों में पूजा होती है। गांधी जी विदेश जा रहे थे। उस समय उनके पिता संत के पास ले गए। संत ने गांधी जी से कहा कि कभी भी जीवन में मांसाहार मत लेना। किसी भी पर स्त्री को बुरी नीयत से मत देखना। गांधी जी ने इस शिक्षा का पूर्ण रूप से पालन किया।

मुनिश्री ने कहा आप देश के भावी भविष्य हैं। मोबाइल पर समय बर्बाद करके आप अपने स्वास्थ्य को भी खराब करते हैं। मोबाइल का समय फिक्स होना चाहिए। ज्यादा मोबाइल देखने वाले अपना भविष्य स्वयं ही बिगाड़ रहे हैं। टीवी मोबाइल से चश्मा लगा रहे हैं। इस अवसर पर मुनिश्री ने आचार्य विराग सागर के समक्ष 40 लाख लोगों ने जो संकल्प लिए थे वही संकल्प गुरुकुल के बच्चों को इस अवसर पर दिलाए। कभी आत्महत्या नहीं करेंगे, शराब कभी नहीं पियेंगे, जर्दा तंबाकू बीड़ी सिगरेट का व्यसन नहीं करेंगे। मोबाइल टीवी का कम से कम उपयोग करेंगे। मांसाहार का उपयोग कभी नहीं करेंगे।

#### अच्छे नागरिक बनकर देश को जग सिरमौर बनाएं : मुनि विश्वनायक




इस अवसर पर मुनि विश्वनायक महाराज ने कहाकि विश्व में अनेक संस्कृति व धर्म है उसमें जैन धर्म सर्वोत्कृष्ट माना गया है। जैन मुनि के पास कोई परिग्रह नहीं होता है। अपने वस्त्र, परिवार, संपत्ति सब कुछ छोड़कर के आहार 24 घंटे में एक बार आहार व जल लेते हैं। जैन मुनि कभी भी संसार की भौतिक सुख सुविधाओं का उपयोग नहीं करते हैं। सभी में भगवान बनने की शक्ति होती है। आप डॉक्टर इंजीनियर बनने के सपने तो देखते हैं लेकिन कभी भगवान बनने का सपना देखते हैं। जैन संत शिशुवत नग्न अवस्था में रहते हैं। सभी बच्चे अपने जीवन में हिंसा, झूठ, चोरी, कुशील, परिग्रह से बचे। वर्तमान में सबसे ज्यादा पाप मोबाइल से हो रहा है। सभी अच्छे नागरिक बनकर देश को जग सिरमौर बनाएं।

**खबर संक्षेप**

### विधायक निधि से 54 कार्यों की राशि स्वीकृत

**आष्टा।** आष्टा विधानसभा क्षेत्र के विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने अपने ग्रामीण क्षेत्र के दौरे एवं भ्रमण के दौरान विभिन्न ग्रामों में जो निर्माण एवं विकास कार्यो की घोषणाएं की थी,उसमे से 54 कार्यो हेतु विधायक निधि मद 2025-2026 में से 82 लाख 70 हजार की राशि स्वीकृत की । विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने अपनी विधायक निधि योजना मद से वर्ष 2025-26 से टीन शेड निर्माण,चबूतरा निर्माण,बाउंड्रीवाल निर्माण,अतिरिक्त कक्ष निर्माण सहित अन्य 54 निर्माण एवं विकास कार्यो हेतु अपनी विधायक निधि से 82 लाख 70 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की। विधायक कार्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति अनुसार विधायक गोपालसिंह इंजीनियर द्वारा विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में दौरा एवं भ्रमण के दौरान ग्रामीणों की मांग पर विभिन्न कार्यों के लिये राशि की घोषणा की गई थी जिसके तहत विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने आज अपनी विधायक निधि योजना मद 2025-26 से आष्टा विधानसभा क्षेत्र के आष्टा नगर, एवं ग्रामीण अंचलों के ग्रामो के लिए जो राशि की घोषणा की थी आज उस राशि की स्वीकृति प्रदान की गई । इस संबंध में आज जिला योजना अधिकारी सीहोर को एक पत्र लिख कर राशि एवं कार्यो को स्वीकृत करने की अनुशंसा की । जल्द ही स्वीकृत की गई राशि सम्बंधित एजेंसी के खाते में पहुचेगी।

### कांग्रेस नेता चेतन के पिता का निधन



**आष्टा।** इलाके के कांग्रेस के नेता चेतन सिंह ठाकुर सेमली बारी, स्व. जितेंद्र सिंह , भाई तेज सिंह ,भाई योगेन्द्र सिंह के पिता और विशाल, रोहित, यश, रोहन, लक्की के दादा अके सिंह रावत का सोमवार को बीमारी के चलते दिन आकस्मिक निधन हो गया था । श्री ठाकुर सेंधव क्षत्रिय समाज के आधार स्तंभ थे वही समाज के प्रेरणा स्त्रोत थे और अपने सरल एवं सहज स्वभाव के लिए जाने जाते थे।इनके अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।इस दौरान सेंधव क्षत्रिय समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंन सिंह चौहान ,समाज के राष्ट्रीय सचिव कृपाल सिंह अगेरा ,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर सिंह ऑपरेटर, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ओंकार सिंह खेंयपुरा, भाजपा के वरिष्ठ नेता बाबूलाल पटेल जवार ,पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी कमल सिंह चौहान ,कांग्रेस नेता एचआर परमार,वर्तमान जिला पंचायत सदस्य महें सिंह तलोद सहित शामिल लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

### कभी भी दे सकेंगे जीवन प्रमाण पत्र

**सीहोर।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) में पेंशनरों को दी जाने वाली सुविधाओं में एक नई सुविधा शामिल की गई है। ईपीएफ के दायरे में आने वाले रिटायर्ड कर्मचारी अब साल भर में कभी भी जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। अभी तक साल भर में सिर्फ एक बार नवंबर में जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने की सुविधा थी।

### नेता प्रतिपक्ष ने कांग्रेस पार्षदों के हस्ताक्षर युक्त पत्र के साथ की शिकायत

# अटल प्रतिमा में हुए भ्रष्टाचार की जांच की उठाई मांग, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

एसडीएम ने कहा जल्द जांच टीम गठित कर निष्पक्ष जांच कराई जाएगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी भाजपा के इकलौती वो शख्शियत हैं जिन्होंने भाजपा को जमीन से सत्ता के शिखर पर पहुंचाया। जनसंघ, जनता पार्टी और बाद में बीजेपी की नींव रखने वाले चेहरों में से एक नाम स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी का भी है 6 अप्रैल 1980 को बीजेपी का गठन हुआ था और एक राजनीतिक दल के रूप में पहले लोकसभा चुनाव में पार्टी के खाते में महज दो सीटें ही आई थी इसके बावजूद स्वर्गीय वाजपेयी ने हार नहीं मानी और उन्होंने कहा था, 'अंधेरा छंटेगा, सुरज निकलेगा, कमल खिलेगा.' इसी का नतीजा है कि मौजूदा समय में केंद्र की सत्ता से लेकर देश के 12 से ज्यादा राज्यों में बीजेपी की सरकार हैं और भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय जनता पार्टी के आधार स्तंभों में से एक थे जिन्होंने बीजेपी में प्राण फूंकने का काम किया था और कांग्रेस के तिलिस्म को तोड़ने में स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की अहम भूमिका थी। लिहाजा वे पहले ऐसे गैर कांग्रेसी प्रधानमंत्री बने थे। वहीं आज बीजेपी भले ही अपने सुनहरे काल में चल रही हो लेकिन अटल विचार कहीं न कहीं खोती जा रही है बीजेपी अटल विचार से उलट चल रही है। इसका उदाहरण जिले की आष्टा विधानसभा में देखने को मिल रहा है जहां भाजपा की हेमकुंवर मेवाड़ा की नगर सरकार ने अपने ही आधार स्तंभ भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी की सबसे ऊंची प्रतिमा को भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिया। जिले सहित पूरे प्रदेश में भाजपा की किरकिरी हो रही है। ऐसे में कांग्रेस के नेता भी लगातार अटल प्रतिमा के भ्रष्टाचार को लेकर भाजपा पर निशाना साध रहे है जहां बीते दिनों कांग्रेस के दिग्गज नेता पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा तमाम कांग्रेसियों के साथ आवास कॉलोनी स्थित अटल प्रतिमा की हकीकत देखने पहुंचे थे तो भाजपा पर अपने आधार स्तंभ अटल बिहारी की प्रतिमा पर भ्रष्टाचार की कालिख पोतने के आरोप लगाए थे तो वही कांग्रेस वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरपाल सिंह ठाकुर ने भी ट्वीट करते हुए मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री सहित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सुप्रीमो मोहन भागवत से अटल प्रतिमा के भ्रष्टाचार पर कार्यवाही करने की मांग उठा चुके हैं। ऐसे में मंगलवार को नेता प्रतिपक्ष राजकुमार मालवीय ने कांग्रेस के पांचों पार्षदों के हस्ताक्षर युक्त पत्र के द्वारा तहसील कार्यालय पहुंच



एसडीएम नितिन टाले को लिखित शिकायत करते हुए प्रतिमा में हुए भ्रष्टाचार की जांच की मांग उठाई है।

#### 42 फिट ऊंची प्रतिमा, 60 लाख रुपए लागत की अनावरण से पहले हुई जर्जर

आवास कालोनी में लगी अटल प्रतिमा देश की सबसे ऊंची प्रतिमा बताई जा रही है जिसकी ऊचाई 42 फिट है वही इसके प्लेटफार्म की ऊचाई 12 है जिसकी कुल ऊंचाई 54 फिट के लगभग है और जिसकी लागत 60 लाख रुपए से अधिक की अनुमानित बताई जा रही जिसका ढाई टन वजनी के लगभग और बहुत मजबूती का दावा किया गया था लेकिन महज कुछ महीनों में ही 60 लाख रुपए लागत की स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा जर्जर हालत में पहुंच गई है वही इसमें बड़े भ्रष्टाचार करने के आरोप लग रहे हैं। लिहाजा उक्त प्रतिमा को जांच के दायरे में लाने की मांग लंबे समय से उठ रही है ऐसे में कांग्रेस की एसडीएम को लिखित शिकायत के बाद अटल प्रतिमा में हुए भ्रष्टाचार की जांच की उम्मीद की किरण जागी है। आपको बता दें कि प्रतिमा को लगे दो वर्ष से ज्यादा का समय बीत चुका है और अब तक प्रतिमा का अनावरण तक नहीं हुआ है ऐसे में शहर के नागरिक सहित कांग्रेस भी इस मामले पर कार्यवाही की मांग उठा रहे हैं।

#### सुबह कांग्रेस नेता ने किया ट्वीट, दिन में हुई लिखित शिकायत

अटल प्रतिमा में हुए भ्रष्टाचार को लेकर सुबह वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरपाल सिंह ठाकुर ने एक्स पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी , मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव सहित संघ प्रमुख मोहन भागवत को ट्वीट करते हुए लिखा है की आष्टा नगर



पालिका ने भ्रष्टाचार की सारी सीमा पार कर दी है और हद तो इस बात की है कि भाजपा के पितृ पुरुष पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा में भी भारी भ्रष्टाचार हुआ है क्या पीएमओ इंडिया और सीएम मध्य प्रदेश जांच करने का साहस दिखा पाएगा। वही दिन में नेता प्रतिपक्ष वार्ड 3 पार्षद राजकुमार मालवीय ने अपने चारों पार्षदों जाहिद खान, हिफजुर रहमान भैया मियां , मोहम्मद अंसारी तस्कीन शेख के हस्ताक्षर युक्त पत्र एसडीएम को सौंप कर जांच और कार्यवाही की मांग उठाई है।इस दौरान पूर्व पार्षद वरिष्ठ कांग्रेस नेता घनश्याम जांगड़ा भी मौजूद रहे। अब देखना यह है कि उक्त मामले पर लिखित शिकायत के बाद प्रशासन आगे क्या कार्रवाई करता है।

**जांच टीम गठित कर, करेंगे कार्रवाई**

कांग्रेस के पार्षदों ने लिखित में शिकायत दर्ज कराई है और मूर्ति में भ्रष्टाचार के जांच की मांग की है हम जल्द ही जांच टीम बनाएंगे और निष्पक्ष जांच कराकर दोषी पाए जाने पर सख्त कार्यवाही करेंगे।
**नितिन कुमार टाले,** एसडीएम आष्टा

## सांसद और विधायक पहुंचे कोठरी के बाजार में

**स्वदेशी सामान खरीदने, बेचने की अपील**



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

देवास लोकसभा क्षेत्र के सांसद महेंद्रसिंह सोलंकी एवं आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वदेशी के संदेश को लेकर कोठरी पहुचे । अपनी विधानसभा क्षेत्र में आगमन होने पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने अगवानी कर सांसद का स्वागत सम्मान किया । भाजपा कोठरी मंडल में स्वदेशी को लेकर चल रहे जन जागरण अभियान के अंतर्गत सांसद महेंद्रसिंह सोलंकी, विधायक गोपालसिंह इंजीनियर मंडल अध्यक्ष देवजी पटेल, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान, नप अध्यक्ष उपाध्यक्ष प्रतिनिधि राधेश्याम दलपति, युवराजसिंह, सतीश सोनानिया, विशाल चौरसिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष रूपेश पटेल, जितेन्द्र आजाद, सुनील केलिया सहितसभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता, बाजार में दुकान-दुकान पहुंचे और स्वदेशी ही अपनाये, स्वदेशी सामान ही खरीदे बेचे, को लेकर व्यापारियों, ग्राहकों को जागरूक कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चल रहे स्वदेशी अपनाओ अभियान की जानकारी दी। अभियान के अंतर्गत स्थानीय दुकानों पर "हमारे यहाँ भारत में बना स्वदेशी सामान मिलता है स्वदेशी सामान ही खरीदे के स्टीकर चस्पा किये। इस अवसर पर सांसद महेंद्रसिंह सोलंकी, विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कोठरी के सभी व्यापारी भाईयों,नागरिको से अपील की है कि अपने व्यापार में एवं दैनिक जीवन के उपयोग में स्वदेशी वस्तुओं का ही अधिक से अधिक उपयोग करे। स्वदेशी उत्पादको का उपयोग कर वोकल फ़ॉर लोकल के संकल्प को मज़बूती प्रदान करें। हमारे द्वारा स्वदेशी के मूलमंत्र को अपनाने से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रहे स्वदेशी अभियान से न केवल भारत की अर्थव्यवस्था को सशक्त होगी बल्कि हमारा आत्मनिर्भर भारत का सपना भी साकार होगा। इस अवसर पर सभी ने कोठरी में चाय की दुकान पर चाय का सेवन कर चाय वाले को डिजिटल भुगतान किया।

### 766 बच्चों का टीकाकरण

**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस के तहत जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं में शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया गया। जिले में 14 अक्टूबर को आयोजित शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 600 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 166 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इसके साथ ही 112 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसके तहत शिविर लगाकर बच्चों के टीकाकरण के साथ ही बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती है।

## घोष की ताल पर स्वयंसेवकों ने कदमताल करते हुए नगर में निकाला पथ संचलन



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

अवंतीपुर बड़ोदिया मंडल के अंतर्गत आने वाले 10 ग्राम गिगलाखेड़ी, देवनखेड़ी, नेवजखेड़ी, खेरखेड़ी, रामपुर पवाडीया, अवंतीपुरा, शंभूपुरा, लालपुरा, नयापुरा, एवं बड़ोदिया का शताब्दी वर्ष पथ संचलन 12 अक्टूबर को मंडल अवंतीपुर बड़ोदिया में अत्यंत उत्साह और अनुशासन के साथ सम्पन्न हुआ।

मंचासीन लखनलाल जावरिया खण्ड संघचालक पोलायकला, कार्यक्रम के अध्यक्ष नाथूलाल माहेश्वरी वरिष्ठ स्वयंसेवक, धीरजसिंह सैंधव मंडल कार्यवाह एवं मुख्य वक्ता दिनेश प्रजापति जिला प्रचार प्रमुख रहे। पथ संचलन मानस भवन से प्रारंभ हुआ जो गांव के विभिन्न मार्गो से होते हुए पुनः मानस भवन में संपन्न हुआ। घोष की ताल पर स्वयंसेवक कदमताल करते हुए निकले एवं बड़ी संख्या में मातृशक्ति व ग्रामीण जनों ने पुष्पवर्षा के साथ स्वयंसेवकों का स्वागत किया व मातृ शक्तियों ने अपने आंगन एवं मार्ग में रंगोलिया सजाकर मार्ग को सुंदर बनाने का कार्य किया।

मंडल के वरिष्ठजन व मातृ शक्ति बौद्धिक कार्यक्रम को सुनने व देखने उपस्थित रही। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता द्वारा संघ के 100 वर्षों के संघर्ष, पंच परिवर्तन, मर्यादा पुरषोत्तम राम के जीवन से राष्ट्र सेवा कुटुंब प्रबोधन व सामाजिक समरसता आदि पंच परिवर्तन की सीख जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रेरक उद्बोधन दिया।यह पथ संचलन संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर समाज में जागृति एवं संगठन की भावना को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ।

## विधायक ने कोठरी और निपानिया कला के स्कूलों में विद्यार्थियों को वितरित की निशुल्क सायकल

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

पहले एक गांव से दूसरे ग्राम जाने के बालिकाओं के लिये कोई साधन नही होने के कारण वे अपने ग्राम के स्कूल में ही पढ़ाई कर पाती थी,उच्च पढ़ाई के लिये दूसरे ग्राम जाने के लिये साधन के अभाव में वे पढ़ाई में आगे नही जा पाती थी । भाजपा की सरकार जब आई तब बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये, बालक भी ओर आगे पढे,सब आगे बढे के लिये सरकार ने निशुल्क सायकल वितरण योजना शुरू की। लक्ष्य तय कर विद्यार्थी आगे बढे,लक्ष्य पाने तक बिना रुके,बिना थके आगे बढ़ते रहे। उक्त उदगार विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने आष्टा अनुविभाग के ग्राम कोठरी एवं निपानिया कलॉ के हाई स्कूल एवं हायर सेकेंड्री के कक्षा 6 एवं 9 के सभी पात्र विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री निशुल्क सायकल वितरण योजना के अंतर्गत सायकलों का वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यार्थियों से कहे। विधायक ने कहा की सरकार की इस योजना का उद्देश्य राज्य के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को स्कूल आने-जाने में सुविधा प्रदान करना है। इस योजना के तहत, 6वीं और 9वीं कक्षा में प्रवेश लेने वाले छात्रों को निःशुल्क साइकिलें दी जाती हैं । इस योजना का लाभ उन विद्यार्थियों को प्राप्त होता है जिनके गांव में हाई



स्कूल नहीं है या जो 2 किलोमीटर से अधिक दूरी पर स्थित स्कूल में पढ़ते आते हैं । इस योजना लाभ उन पात्र को मिलता है जो सरकारी स्कूलों में 6वीं और 9वीं कक्षा में प्रवेश लेते है। व जिन छात्रों के गांव में हाई स्कूल नहीं है और उन्हें दूसरे गांव में पढ़ने जाना पड़ता है। प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के कुशल नेतृत्व में बेटियों को आत्मनिर्भर और शिक्षित बनाने की दिशा में निशुल्क सायकल वितरण एक बड़ा सशक्त कदम है। इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ सभी पालकों से विधायक ने आव्हान किया कि वे स्कूल परिसर में,घर आंगन में,खेत पर एक पेड़ मॉ के नाम जरूर लगाये,त्योहार आ रहे है आप जब भी दीपावली की खरीदी करने जाये तो दीपावली पर स्वदेशी वस्तुएं ही खरीदे ताकि आपके द्वारा खरीदे समान से हमारे दूसरे भाई की भी दीपावली अच्छी मने। विधायक के हाथों कोठरी में 50 व निपानिया में 20 पात्र विद्यार्थियों को निशुल्क सायकल वितरित की गई। इस अवसर पर सोनू गुणवान, भाजपा मंडल अधयक देवजी पटेल,राधेश्याम कासन्या, रूपेश पटेल, युवराजसिंह,सतीश सोनानिया, सुनील केलिया, जितेंद्र आजाद बीआरसी अजबसिंह राजपूत, बीईओ, प्राचार्य तिर्की मेडम, मुकेश चित्तोड़ा सहित सभी शिक्षक, ग्रामीण, जनप्रतिनिधि, विद्यार्थी आदि बड़ी संख्या में उपस्तिथ रहे।

### गांव खजूरिया में 10 दिवसीय गरबे का हुआ समापन

# बमुलिया में युवाओं ने सजाया फूलों से अम्बे का दरबार





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा


ग्राम बमुलिया रायमल में चल रहे 5 दिवसीय गरबे का कार्यक्रम में पंचम दिवस को महाआरती की गई पुरे गांव वासियों ने हर घर से सजाई आरती की थाली और मां अम्बे के दरबार में महाआरती में सामिल हुए पुरे गांव में बड़े ही धूमधाम से ढ़ोल नगाड़ों के साथ जूलूस निकालकर मां अम्बे के दरबार में पहुंचे और महाआरती के पश्चात तुलादान भी किया गया उसके पश्चात गरबे का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ कलाकारों ने अपनी कलाएं दिखाई गांव के वरिष्ठ जन बड़े बुजुर्ग कहते हैं कि मां अम्बे के दरबार में बहुत पिंडियों से चली आ रही गरबे की परंपरा और जो भी अपनी मन्नत मांगता है वह मन्नत पूरी होती है तो वह तुलादान करवाता है और महाप्रसादी , एवं गरबे का कार्यक्रम करवाता है।

#### रामलीला का हुआ मंचन


समीपस्थ ग्राम खजुरिया जावर में न्यू संतोष रामलीला मंडल प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी रामलीला का मंचन हुआ पिंटू पटेल ने बताया कि 10 दिन से चल रहे मां जगदंबा के गरबे में राजस्थान से हर वर्ष अलग अलग डांसर आते हैं। कलाकार कार्यक्रम में अपनी कला से शानदार प्रस्तुति देते हैं। वहीं ग्राम खजुरिया में पर रामलीला का आयोजन भी संतोष रामलीला मंडल द्वारा किया जाता है एवं मां जगदंबा की साई कालीन पांच आरती की जाती है मां भगवती के दरबार में सभी की मनोकामना पूर्ण होती है प्रतिदिन मां जगदंबा के दरबार में तुलादान होते हैं एवं प्रतिदिन 4 से 5 क्विंटल की प्रसादी वितरण की जाती है सोमवार को बड़े ही धूमधाम से हर्ष उल्लास के साथ सभी ग्रामवासी ने मिलकर मां भगवती का विसर्जन किया।

## केंद्रीय कमेटी ने तहसील अध्यक्ष का दायित्व जीवन सिंह ठाकुर को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



सैंधव राजपूत समाज धार्मिक ट्रस्ट उज्जैन की बैठक श्री राम मंदिर धर्मशाला देवासगेट उज्जैन में आयोजित की गई, उक्त बैठक में समाज उत्थान एवं विकास पर विभिन्न तहसील से आए सामाजिक बन्धुओं ने विस्तृत चर्चा की साथ ही सामाजिक संगठन का विस्तार करते हुए आष्टा तहसील की कार्यकारिणी का गठन कर अध्यक्ष पद पर कर्तव्यनिष्ठ एवं मिलनसार व्यक्तित्व के धनी जीवन सिंह ठाकुर (शोभाखेड़ी) अध्यक्ष, राजेन्द्र सिंह ठाकुर अरनिया राम को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं कार्यकारी अध्यक्ष डा. रतन सिंह भाटी,



उपाध्यक्ष धीरज सिंह ठाकुर, गजराज सिंह ठाकुर सचिव, चन्दर सिंह ठाकुर गवाखेडा, सचिव विश्राम सिंह ठाकुर को नियुक्त किया गया। श्री ठाकुर की नियुक्ति पर अनेक सामाजिक बन्धुओं ने बधाई प्रेषित की एवं केंद्रीय नेतृत्व का आभार प्रकट किया।

हर मतदान केंद्र पर रहेगा पुलिस का कड़ा पेहरा, सीसीटीवी से निगरानी

# 136 पोलिंग बूथों पर निष्पक्ष और शान्तिपूर्ण मतदान के लिए पोलिंग पार्टियां हुईं रवाना

## निरंतर भ्रमणशील रहेंगे सेक्टर व जोलन मजिस्ट्रेट, चिकित्सकों की टीम भी रहेगी साथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद उप निर्वाचन-2025 के अंतर्गत 15 अक्टूबर को जनपद के 136 पोलिंग बूथों पर होने वाले मतदान के लिए आज मंगलवार को सभी पोलिंग पार्टियों को अमरपुर मण्डी स्थल से रवाना किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी अमनदीप डुली के निर्देशन एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी अंकुर श्रीवास्तव व प्रभारी अधिकारी कार्मिक शेषनाथ चौहान की मौजूदगी अमरपुर मण्डी स्थल पर बनाये गए स्ट्रॉग रुम से पोलिंग पार्टियों ने अपने-अपने पोलिंग बूथ की मतपेटिकाएं व मतदान सामग्री प्राप्त की और उनके लिए निर्धारित बस में बैठकर रवाना हुए।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी अंकुर श्रीवास्तव ने निर्देश दिये कि शाम तक सभी पोलिंग पार्टियां मतदान केन्द्रों पर पहुंचेगी, जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट पोलिंग पार्टियों के मतदेय स्थलों पर पहुंचने के बारे में रिपोर्ट करेंगे। मतदान केन्द्रों पर ही मतदान कार्मिक ठहरेंगे और आपसी समन्वय के साथ निष्पक्ष व शान्तिपूर्ण मतदान करायेंगे। उन्होंने कहा कि सभी पोलिंग पार्टियां अपने अपने पोलिंग बूथ पर पहुंचकर प्रशिक्षण में दिये गए दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्य करेंगे, इस दौरान किसी भी बाहरी व्यक्ति या राजनैतिक दल का आतिथ्य स्वीकार नहीं करेंगे और न ही उनके सम्पर्क में रहेंगे। मतदान के दौरान मतदाताओं के साथ मधुर व्यवहार करें, साथ ही किसी भी मतदान प्रक्रिया में अधिक समय ना लगाएं। मतदान के दौरान प्रत्येक मतदान केन्द्र पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गए हैं, सीसीटीवी कैमरे व पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है, इसलिए बिना किसी दबाव में आए, निष्पक्ष व शान्तिपूर्ण मतदान करायें। उन्होंने कहा कि मतदान के उपरान्त मतपेटियों को अमरपुर मण्डी में बने स्ट्रॉग रुमों में रखा जाएगा।

### 130908 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे

यह भी बताया गया कि 15 अक्टूबर को मतदान दिवस के दिन जिले के 130908 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, इसके लिए जिले के 26 वार्डों में 49 मतदान केन्द्र व 136 मतदान स्थल बनाये गए हैं, जिन्हें 02 जोन व 10 सेक्टरों में बांटा गया है। इस दौरान जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारी निरंतर भ्रमणशील रहकर मतदान प्रक्रिया पर सतत निगरानी रखेंगे। जिले के सभी मतदान केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है, कंट्रोल रूम के माध्यम से सभी केंद्रों पर सतत निगरानी की जा रही है, सोशल मीडिया पर भी मीडिया सेल के द्वारा निगरानी की जा रही है। इसके अलावा मण्डी परिसर में कार्मिकों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु हेल्थ हेल्प डेस्क भी लगायी गई और सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ एक-एक चिकित्सक भी भेजे गए। इस इवसर पर प्रभारी अधिकारी कार्मिक शेषनाथ चौहान, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, जिला विकास अधिकारी अतिरंजन सिंह, पीडीडीआरडीए दीपक यादव, उप जिलाधिकारी सदर मनीष कुमार, क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार, आरओ नीरज सिंह, डीपीआरओ कुॅवर सिंह यादव, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अर्पित जैन, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

एसपी को शिकायती पत्र देकर इंसाफ दिलाने की गुहार

# ब्याज सहित रकम चुकाने के बाद भी चैक वापिस नहीं करने का करने का आरोप

## पीड़ित ने चौकी पुलिस पर भी लगाए गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



सूद पर दिये एक लाख रुपये कर्ज के तौर पर मूलधन पर 5 प्रतिशत ब्याज अतिरिक्त वसूल करने के बावजूद भी जबरन धनराशि की मांग करने का मामला प्रकाश में आया है। इस सम्बन्ध में थाना जखौरा के कस्बा बांसी अंतर्गत टंकीपुरा निवासी राहुल पुत्र जीवन ने पुलिस अधीक्षक को एक शिकायती पत्र दिया है। पीड़ित ने एसपी को अवगत कराया कि वह मजदूरी पेशा व्यक्ति है। बताया कि उसने आवश्यक कार्य के लिए एक व्यक्ति से एक लाख रुपये वर्ष 2025 में लिये थे। उक्त राशि का 5 प्रतिशत ब्याज सहित मूल धनराशि का हिसाब इसी वर्ष ही चुकता कर दिया था। बताया कि उक्त व्यक्ति के पास उसका हस्ताक्षर युक्त एक कोरा चैक है, जिसे वापस मांगने पर उक्त व्यक्ति द्वारा 1 लाख 30 हजार रुपये की मांग और करते हुये चैक वापस करने को मना कर दिया। मामले की शिकायत 11 अक्टूबर को चौकी बांसी पुलिस को दी, लेकिन आरोप है कि पुलिस कर्मियों ने उसे चौकी बुलाकर उसके मानवाधिकार का हनन करते हुये उसके साथ मारपीट की और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित किया।

यह भी आरोप है कि आलाधिकारियों से शिकायत करने पर फर्जी केस में फंसाने की धमकी भी दी गयी। पीड़ित ने एसपी से पूरे मामले की जांच करायी जाकर उक्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है।

## महिला ने युवक पर लगाए गंभीर आरोप

**ललितपुर।** मध्य प्रदेश के जिला सागर अंतर्गत थाना मालथौन की रहने वाली महिला ने मसौरा बैरियल चौकी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि मसौरा बैरियल के पास रहने वाला विशाल साहू पुत्र घनश्याम साहू से उसके दो साल से रिलेशन था, जिसको उसने 25 जुलाई को शादी होने के बाद समाप्त कर दिया । बताया कि अब विशाल आये दिन उसे फेसबुक, व्हाट्सऐप एवं इंस्ट्राग्राम पर गन्दी-गन्दी फोटो डाल रहा है। आरोप है कि विशाल साहू ने उससे तीन लाख रुपये की मांग की, जिससे डरकर उसने एक लाख रुपये भी दे दिये, बावजूद इसके अब फोटो इत्यादि डिलीट न करते हुये धमकाया जा रहा है और जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर विशाल साहू के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

अपना कृष्ण ढाबा कडेसरा से दाल का नमूना संग्रहित

# खाद्य सुरक्षा टीम ने भरे नमूने सोयाबीन ऑयल किया सीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



त्यौहारों के मद्देनजर आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश लखनऊ, जिलाधिकारी अमनदीप डुली के निर्देशानुक्रम में मंगलवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की प्रथम टीम द्वारा बार स्थित महेश सेठ एंड ब्रदर्स नामक प्रतिष्ठान से सोयाबीन ऑयल का नमूना संग्रहित कर 359 लीटर सोयाबीन ऑयल सीज किया गया।

बस्तगुआ स्थित सेवकराम के दुकान से रिफाइंड राइस ब्रान ऑयल का नमूना संग्रहित कर 59 लीटर रिफाइंड राइस ब्रान ऑयल को सीज किया। तालबेहट स्थित निशा डेयरी से खोया का नमूना संग्रहित किया गया। खाद्य विभाग की दूसरी टीम द्वारा मेसर्स द्वारिकाधीश डेयरी से दही का नमूना तथा अपना कृष्ण ढाबा कडेसरा से दाल का नमूना संग्रहित कर प्रयोगशाला जांच हेतु भेजा गया। प्रथम टीम में सहायक आयुक्त खाद्य विनोद कुमार शर्मा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी नागेन्द्र कुमार, एस.एस.निरंजन तथा दूसरी टीम में मुख्या खाद्य सुरक्षा अधिकारी कलामुद्दीन, खाद्य सुरक्षा अधिकारी सच्चिदानंद राय उपस्थित रहे।

## कुशीनगर एक्सप्रेस से मोबाइल फोन चोरी

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश के जिला गोंडा अंतर्गत साहिबापुर के वजीरगंज में रहने वाले अब्दुल मन्नान पुत्र अखमत अली ने क्यूआईआरटी कंट्रोल रूम की सूचना दी कि वह 8 सितम्बर 2025 को मनकापुर से बंबई की यात्रा ट्रेन सं. 22537 कुशीनगर एक्सप्रेस के कोच नं. एस-4 बर्थ नं. 42, 42, 43 पर अपने साथियों के साथ कर रहा था। यात्रा के दौरान उसने अपना मोबाइल फोन जिसकी कीमत करीब 17 हजार रुपये थी को खाना खाकर कमर के नीचे रखकर सो गया था। ललितपुर रेलवे स्टेशन के पास उसकी नींद खुली तो उसने देखा कि उसका मोबाइल फोन गायब था, उसने काफी खोजबीन की, लेकिन पता नहीं चल सका। आरोप लगाया कि कोई अज्ञात बदमाश उसकी नींद का फायदा उठाकर मोबाइल फोन लेकर भाग गया। यात्री की सूचना पर जीआरपी ललितपुर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

मिशन शक्ति के तहत महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन के लिए सतत प्रयासरत पुलिस

# आपातकालीन नंबरों के उपयोग से महिला व बालिकाओं को कराया अवगत, नियम पालन करने की दी सलाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति फेज-5.0 के अंतर्गत पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के उद्देश्य से विविध जनजागरूकता कार्यक्रम एवं कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं। जिले के समस्त थानों पर तैनात महिला पुलिस कर्मियों एवं मिशन शक्ति टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र के प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पहुंचकर आमजन, विशेषकर महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मरक्षा, सुरक्षा अधिकारों तथा सशक्तिकरण के विषय में जागरूक किया जा रहा है।

कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं एवं महिलाओं को गुड टच और बैड टच की पहचान, आत्मरक्षा के उपाय, तथा महिला सम्बन्धी अपराधों से बचाव की जानकारी दी गई। उन्हें यह भी बताया गया कि यदि कहीं छेड़छाड़ या उत्पीडन जैसी घटनाएँ घटित हों, तो डरने के बजाय तत्काल पुलिस हेल्पलाइन नंबर 1090 पर कॉल करें या नजदीकी थाना पर जाकर एफआईआर दर्ज कराएं। महिलाओं/बालिकाओं को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि) का सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग करने के संबंध में जागरूक किया गया। साथ ही यातायात नियमों की जानकारी दी गई तथा उनसे आग्रह किया गया कि वे स्वयं नियमों का पालन करें और अपने परिजनों एवं आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम के दौरान मिशन शक्ति टीम द्वारा विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई, जिनमें प्रमुख रूप से 1076- मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090- वीमेन पावर लाइन, 181 - महिला हेल्पलाइन, 112 - पुलिस आपातकालीन सेवा, 102 - गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एम्बुलेंस सेवा, 108 - सामान्य एम्बुलेंस सेवा, 1098 - चाइल्ड हेल्पलाइन, 101 - अग्निशमन सेवा, 1930 - साइबर हेल्पलाइन की जानकारी दी गयी। मिशन शक्ति फेज - 5.0 के अंतर्गत चलाए जा रहे इन कार्यक्रमों का उद्देश्य महिलाओं में सुरक्षा के प्रति आत्मविश्वास बढ़ाना, आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करना तथा समाज में महिला सम्मान की भावना को सशक्त बनाना है।

जिला रोजगार कार्यालय में एक दिवसीय रोजगार मेले का किया गया आयोजन

# बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने एक और अवसर

**ललितपुर।** जनपद के समस्त युवक एवं युवतियों /अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि जिला सेवायोजन कार्यालय परिसर, गोविन्द नगर जनपद-ललितपुर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन दिनांक 18 अक्टूबर, 2025 को प्रातः 11:00 बजे किया जा रहा है। रोजगार मेले में 1-यस कन्स्ट्रक्शन कम्पनी में सुपरवाइजर पद हेतु 140 रिक्तियां 2-आर0एस0वी0 ज्वाइन इंडिया प्रा0लि0 में ऑटो मोबाइल सोल्यूशन ट्रेनी पद हेतु 200 रिक्तियां 3-भारतीय जीवन बीमा निगम ललितपुर में सिटी कॅरियर एजेंट, रूलर कॅरियर एजेंट एवं महिला कॅरियर एजेंट पद हेतु 150 रिक्तियां 4-आर0के0 इलैक्ट्रॉनिक्स में डाटा एन्ट्री ऑपरेटर पद हेतु 140 रिक्तियों पर भर्ती की जा रही है। साथ ही अन्य कम्पनियाॅ भी प्रतिभाग कर सकती हैं। जिसमे शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, स्नातक, एवं आई0टी0आई0 में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की आवश्यकता है। रोजगार मेले में सम्मिलित होने व साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थियों को अपना पंजीयन रोजगार संगम पोर्टल पर जॉबसीकर के रूप में कराना होगा। जिसमें जनपद के सभी युवक/युवतियाॅं रोजगार के अवसर जानने हेतु प्रतिभाग कर सकते हैं। इसके साथ सभी को सूचित किया जाता है कि जिला सेवायोजन कार्यालय, ललितपुर के माध्यम से आयोजित होने वाले रोजगार मेलों में कम्पनियों द्वारा चयन प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क होती है, जिसमें अभ्यर्थियों से नियुक्ति से पहले या बाद में किसी प्रकार के रूपये/सिक्योरिटी डिपोजिट की डिमाण्ड नही की जाती है। यदि अभ्यर्थियों से कोई भी रूपये/सिक्योरिटी डिपोजिट की डिमाण्ड की जाती है तो अभ्यर्थी उसे सत्य न मानकर पैसे ऑनलाइन या ऑफलाइन डिपोजिट न करें तथा ऐसी स्थिति में अभ्यर्थी सीधे जिला सेवायोजन कार्यालय, ललितपुर आकर सम्पर्क कर सकते है।

## कृषि यंत्रों के लिए किसान भाई करें आवेदन

**ललितपुर।** उप कृषि निदेशक ने किसानों को अवगत कराया है कि वर्ष 2025-26 में कृषि विभाग द्वारा संचालित सब मिशन ऑन एग्रीकल्वरल मैकेनाईजेशन योजनान्तर्गत कस्टम हायरिंग सेंटर, कृषि ड्रोन एवं अन्य एकल यंत्र तथा प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्वरल मैकेनाईजेशन फॉर इन सीटू मैनेजमेन्ट ऑफ क्रॉप रेजिड्यू योजना के अन्तर्गत फसल अवशेष प्रबन्धन के एकल कृषि यंत्र एवं विभागीय अन्य योजनाओं के कृषि यंत्र, कृषि रक्षा उपकरण इत्यादि पर अनुदान प्राप्त करने हेतु ऑनलाइन बुकिंग 15 अक्टूबर 2025 को पूर्वान्ह 11 बजे से प्रारम्भ होगी, जो 29 अक्टूबर 2025 को रात्रि 12 बजे तक (कट ऑफ डेट) तक की जायेगी। बुकिंग हेतु विभागीय पोर्टल पर किसान कॉर्नर के अन्तर्गत यंत्र बुकिंग प्रारंभ पर क्लिक कर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। यंत्रों का विवरण, यंत्र बुकिंग एवं अनुदान प्रक्रिया से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध है। आवेदक द्वारा एक मोबाइल नम्बर अथवा अपने परिवार के ब्लड रिलेशन सदस्य (माता, पिता, भाई, बहन. पुत्र. पुत्री एवं पुत्र वधु) से ही टोकन प्राप्त किया जा सकेगा। दस हजार से एक लाख तक अनुदान के कृषि यंत्रों के लिए जमानत राशि ढ़ाई हजार रुपये होगी। 1 लाख से अधिक अनुदान के कृषि यंत्रों के लिए जमानत राशि पांच हजार रुपये होगी। 27 जून 2025 से 12 जुलाई 2025 के मध्य हुई बुकिंग में जिन किसानों ने सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाईजेशन योजनान्तर्गत कस्टम हायरिंग सेंटर, हाईटेक हब फॉर कस्टम हायरिंग एवं कृषि ड्रोन तथा प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्वरल मैकेनाईजेशन फॉर इन सीटू मैनेजमेन्ट ऑफ क्रॉथ रेजिड्यू योजनान्तर्गत कस्टम हायरिंग सेंटर हेतु आवेदन कर चुके है. उन्हें फिर से आवेदन करने की आवश्यकता है।

# बुंदेल शिरोमणि शौर्य और वीरता के महा नायक थे मर्दन सिंह जूदेव : पवन राजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के तत्वाधान में तालबेहट नरेश महाराजा मर्दन सिंह जूदेव की जन्म जयंती पर विविध कार्यक्रम हुए। मऊ गड़ी तालबेहट स्थित में मुख्यातिथि पवन राजा बुन्देला ने कहा कि हम सभी जनपदवासियों को गर्व होना चाहिए कि हमारे पूर्वज मर्दन सिंह जूदेव ने 18 57 की क्रांति में अपने शौर्य एवं पराक्रम से अंग्रेजो को धूल चटाई थी। ऐसे महानायक का हम जन्मदिन मना रहे है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए चन्द्रभान सिंह बुन्देला ने कहा कि कि तालबेहट बानपुर एवं चंदेरी रियासत के महाराज की गौरवगाथा किसी से छुपी नही है।

इन्होंने महारानी लक्ष्मीबाईजी के साथ अंग्रेजो से लड़े, इन्होंने अधीनता स्वीकार नही की थी। जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह परमार ने कहा कि स्वतन्त्रता संग्राम में हमारे जिले के अनेक वीरो ने अपनी वीरता के बल पर अग्रेजो से लड़े। इस दौरान कृपाल सिंह पूर्व प्रधान, जंडेल सिंह, भूपेंद्र सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, राजेन्द्र सिंह, देवेंद्र सिंह, शिरोमणि सिंह, अभिमन्यु सिंह, जयहिंद सिंह एड., चन्द्रपाल सिंह परमार, राजकुमार सिंह, पुष्पेंद्र सिंह बुन्देला, महेंद्र सिंह परिहार, विजय सिंह बुन्देला, विशाल सिंह, राजेन्द्र सिंह परमार, राहुल राजा, योगेंद्र सिंह चौहान, लोकेश सिंह परमार, मुज्जु राजा, बंटी राजा, अजय राजा, रुद्र राजा परमार, सतेंद्रसिंह, गोलू राजा, रंजीत सिंह बुन्देला, जितेंद्र सिंह, जीतू राजा आदि उपस्थित रहे। संचालन शिरोमणि सिंह बुन्देला ने व आभार उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र राजा परमार ने जताया।

अधिवेशन में आचार्य श्री के सानिध्य में सम्मानित हुए अधिवक्ता

# समाज और धर्मायतनों के प्रति अधिवक्ताओं में जागरुकता होना जरूरी : निर्भय सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अटा मंदिर में वैज्ञानिक संत आचार्य श्री निर्भय सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में जैन अधिवक्ता अधिवेशन में दीवानी, राजस्व, फासेजदारी एवं टैक्स न्यायालय में कार्यरत 70 वर्ष से अधिक आयु के 33 वरिष्ठतम अधिवक्ताओं एवं 75 अधिवक्ताओं को दिगम्बर जैन पंचायत सम्मानित किया गया।

इस मौके पर आचार्य श्री ने पारिवारिक हिंसा से बचने के उपाय बताए और श्रमण परम्परा के धर्मायतनों की सुरक्षा हेतु आपसी सहयोग बनाए रखने की प्रेरणा दी। जैन अधिवक्ता अपने व्यवसाय के साथ साथ कैसे अपनी संस्कृति एवं संस्कारों को सुरक्षित और साधर्मी के प्रति सकारात्मक सोच बनाए रखने एवं आत्मीयता आत्मनिर्भरता का भाव बनाए रखने के टिप्स बताए। अधिवेशन का शुभारम्भ आचार्य श्रेष्ठ विद्यासागर महाराज के चित्र के सम्मुख अधिवक्ताओं ने दीपप्रज्जवलित किया और आचार्य श्री के पादप्रक्षालन कर आर्शीवाद ग्रहण किया। आचार्य श्री ने कहा सराकोद्धारक आचार्य श्री ज्ञानसागर महाराज द्वारा अधिवक्ताओं को सामाजिक स्तर पर संगठित करने की जो प्रेरणा दी उससे अधिवक्ता समाज और धर्मायतनों के प्रति जागरूक हुए। उन्होने अधिवक्ताओं से प्रत्येक वर्ष सामाजिक स्तर पर ऐसे अधिवेशनों के माध्यम से समाजहित में सकारानात्मक कार्यों पर चिन्ता करने को कहा। जैन पंचायत अध्यक्ष डा० अक्षय टडैया, महामंत्री आकाश जैन, सनत जैन खजुरिया, अजय जैन गंगचारी, मनोज जैन बबीना ने अधिवक्ताओं को शाल प्रतीक चिन्ह के माध्यम से सम्मानित किया। अधिवेशन में प्रमुख रूप से वरिष्ठ अधिवक्ता जयकुमार समेया, जीवनधरलाल जैन, जयकुमार चौधरी, कुशलचंद जैन, संतोष गोयल, अनिल अलया, जिनेन्द्र जैन, सुरेश जैन आदि सम्मानित हुए। अधिवेशन में रत्नप्रभाजैन, शैलेन्द्र जैन, विजय जैन सिरसौद, नेमिकुमार जैन, महेन्द्र मडवैया, वैभव जैन ने अपने विचार व्यक्त किए। मंगलाचरण धन्यकुमार जैन सैदपुर एवं संचालन पूर्व डीजीसी संतोष गोयल द्वारा किया गया। इस मौके पर सतीश नजा, सुभाष जैन हिरावल, जयेन्द्र जैन, प्रकाशचंद लोहिया, सौरभ जैन, गौरव जेन, सुनील समैया, शादीलाल जैन एड, सुयश जैन सम्राट समैया, जिनेन्द्र नजा, आदि मौजूद रहे।

स्वास्थ्य विभाग सार्वजनिक स्थानों, स्कूलों, स्वास्थ्य केंद्रों में सिखाएगा सीपीआर पद्धति

# हार्टअटैक आने पर सीपीआर पद्धति सिखाने दिया प्रशिक्षण

## आमजनों तक पहुंचे सीपीआर तकनीक तो बच सकती हैं कई जानें

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजगढ़





इन दिनों अचानक दिल का दौरा पड़ने या दूसरे शब्दों में कहें तो हृदयाघात के मामले लगातार बड़ते ही जा रहे हैं। किसी व्यक्ति को अचानक दिल का दौरा पड़ने पर 'सीपीआर पद्धति' से उसकी जान कैसे बचाई जा सकती है। इसी सीपीआर पद्धति को आमजनों सहित स्वास्थ्य विभाग के अमले को सिखाने 13 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक पांच दिवसीय जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के पहले दिवस जिला अस्पताल में एक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित आमजनों सहित मेडिकल स्टॉफ को सीपीआर तकनीक के बारे में विस्तार से प्रैक्टिकली समझाया गया। साथ ही सभी लोगों को जीवन बचाने की शपथ भी दिलाई गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शोभा पटेल ने बताया कि अचानक कार्डियक अरेस्ट, दिल की धड़कन रूकने जैसी आपातकालीन स्थितियों में संबंधित मरीज को सीपीआर देने की विधि को जान बचाने में बहुत कारगर माना गया है। किसी को कार्डियक अरेस्ट होने के एक घंटे के अंदर अगर उसे सही तरीके से सीपीआर दे दी जाए तो उसकी जान बचाई जा सकती है। इसीलिए स्वास्थ्य महकमे का उद्धेश्य है कि आमजन यह पद्धति सीखकर दूसरों का जीवन बचाने अपनी महती भूमिका निभाएं।

### सार्वजनिक स्थलों पर पद्धति सिखाएगा स्वास्थ्य अमला

'सीपीआर पद्धति' के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिए एक सप्ताह तक चलने वाले अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थानों, स्कूलों और सामुदायिक केंद्रों पर कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी ताकि अधिक से अधिक लोग सीपीआर तकनीक सीख सकें। जिला अस्पताल में आयोजित प्रशिक्षण के दौरान डॉ आरके कठेरिया, डॉ सुधीर कलावत, आरएमओ डॉ अमित कोहली सहित अस्पताल स्टॉफ और आमजन मौजूद थे।

### इस तरह से दी जाती है सीपीआर

प्रत्येक नागरिक को पता होना चाहिए कि सीपीआर क्या है और इसे कैसे दिया जाता है। जब किसी व्यक्ति का दिल अचानक धड़कना बंद कर देता है और वह सांस नहीं ले पाता है तब यह तकनीक काम आती है। सीपीआर मुख्य रूप से दो प्रकार से दिया जाता है। पहला छाती को जोर से और तेजी से दबाना, जिससे दिल को कृत्रिम रूप से पंप किया जाता है, इससे रक्त संचार बना रहता है। दूसरा मुहं से मुंह में हवा भरकर फेफड़ों तक आक्सीजन पहुंचाने का काम किया जाता है, ताकि मरीज की सांस लेने की प्रक्रिया शुरू हो सके। इन दोनों तकनीकों को चरणबद्ध तरीके से प्रशिक्षण लेने के बाद ही करना चाहिए।

# बीमा फिटनेस, परमिट, प्रदूषण प्रमाणपत्र के बगैर ही सड़कों पर दौड़ रहे वाहन

## स्कूल वाहन की भरमार, नाममात्र वाहनों की चेकिंग

### यातायात विभाग ने कुछ वाहनों के चालान काटे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सारंगपुर



सारंगपुर सहित आसपास के मार्गों पर बीमा फिटनेस, परमिट, प्रदूषण प्रमाणपत्र के बगैर कई वाहन सड़कों पर दौड़ रहे हैं। कभी कभी यातायात विभाग जागता है और कुछ कार्यवाही कर खानापूर्ति कर देता है। इसी क्रम में सोमवार को नियमों के पालन को लेकर सारंगपुर में यातायात विभाग द्वारा स्कूल वाहनों पर विशेष जांच अभियान चलाया। अभियान के दौरान निर्धारित मानकों का उल्लंघन करते पाए गए 9 वाहनों पर चालानी कार्रवाई की।

जानकारी के अनुसार फ्यूचर स्कूल, सत्य साईं स्कूल, मास्टर माइंड स्कूल के वाहनों के पेपर चेक किए लेकिन वाहनों का भौतिक सत्यापन नहीं किया। वहीं कुछ वाहनों के फिटनेस, परमिट, प्रदूषण प्रमाणपत्र एवं बच्चों की सुरक्षा से संबंधित मानकों का पालन नहीं होने पर यातायात विभाग ने तत्काल चालान बनाकर वाहन संचालकों को नियमों के प्रति सचेत किया। वहीं यातयात प्रभारी इति शर्मा ने बताया कि आगे भी ऐसे अभियान निरंतर चलाए जाएंगे, ताकि स्कूली बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और लापरवाह वाहन चालकों पर अंकुश लगाया जा सके। इस दौरान सत्येंद्र रघुवंशी, अजय सिंह, अरुण शर्मा सहित पुलिसकर्मी मौजूद थे।

# शासकीय भूमि पर संचालित आरा मशीनों पर होगी कार्रवाई

## जिले भर की आरा मशीनों का सत्यापन कर सर्वे भूमि की होगी जांच

**ब्यावरा।** वन परिक्षेत्र ब्यावरा सुठालिया कुरावर सारंगपुर तलेन और पचोर की आरा मशीन शासकीय भूमि पर संचालित होने की ज्यादा संभावनाएं हैं। वहीं दूसरी और राजगढ़ वन परिक्षेत्र के खिलचीपुर और जीरापुर की आरा मशीन विशेष रूप से जीरापुर और खिलचीपुर शहरी क्षेत्र की मशीनों में शासकीय भूमि पर संचालित होने की संभावनाएं दिखाई दे रही है। राजगढ़ जिले की सभी आरा मशीनों का पटवारी के सहयोग से वन विभाग के अधिकारियों के मार्गदर्शन भौतिक सत्यापन किया जाएगा। राजगढ़ जिले की लगभग 50 से 70 आरा मशीन शासकीय भूमि एवं अनुमति प्राप्त भूमि से हटकर अन्य स्थानों पर संचालित होने की संभावना है। वहीं दूसरी ओर कुछ आरा मशीन नियम विरुद्ध तथा वन विभाग के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश एवं शासन की गाइडलाइन का पालन नहीं कर रही है। ऐसी आरा मशीन निरीक्षण अमला तत्काल सील कर सकता है। वन मंडल अधिकारी सामान्य वन मंडल राजगढ़ की ओर से अनुरोध किया गया है कि वर्ष 1984 से राजगढ़ जिले में विभिन्न ग्रामों कस्बा नगर तथा ग्राम पंचायत एवं नगर पालिका क्षेत्र में राजस्व भूमि स्थलों पर वनमंडल राजगढ़ अंतर्गत पंजीकृत सभी आरा मशीने स्थापित होकर संचालित की जा रही है।

# राज्यस्तरीय बालरंग प्रतियोगिता में सहारा पब्लिक स्कूल के बच्चों ने राज्य में लहराया जीत का परचम





हरिभूमि न्यूज ▸▸ कालापीपल

नर्मदापुरम में 13 अक्टूबर को आयोजित राज्यस्तरीय बालरंग प्रीतियोगिता के सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के अंतर्गत लोकगीत प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न संभाग भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, शहडोल, रीवा, जबलपुर, सागर, नर्मदापुरम, उज्जैन नें हिस्सा लिया। जिसमें सहारा हा.से. स्कूल कालापीपल के छात्र-छात्राओं ने उज्जैन संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए राज्य में सभी संभागों को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिसमें बच्चों ने मालवा क्षेत्र की विशेषता बताते हुए पानी बाबा आयो रे मालवी लोकगीत की प्रस्तुति दी।

विजेता बच्चों की टीम में मोहित परमार, पियूष नागर, प्रशांत प्रजापति, नैतिक मेवाड़ा, राशि परमार, दिव्या मेवाड़ा शामिल हुए साथ में सहारा शिक्षा समूह के संगीत शिक्षक तरुण जोशी, सुनील प्रजापति, सत्येंद्र विश्वकर्मा विभिन्न वाद्ययों पर संगत की। बच्चों की जीत पर सहारा शिक्षा समूह के प्रबंधक डॉ मनोज दुबे प्राचार्य मुकेश दुबे सहारा सीबीएसई प्राचार्य संजीव बाजपेई एस डी स्कॉलर्स प्राचार्या कल्पना शर्मा के साथ पूरे सहारा शिक्षा समूह ने हर्ष व्यक्त किया।

विद्याभारती विद्वत परिषद ने किया शैक्षिक संगोष्ठी का आयोजन

# नई शिक्षा नीति से जागेगी राष्ट्रीय चेतना : विवेक शेंडे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ ब्यावरा



रविवार को शहर में शैक्षिक संगोष्ठी का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में शिक्षा जगत से जुड़े सैकड़ों शिक्षाविद, विद्वान, शिक्षक एवं समाजसेवी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। संगोष्ठी का मुख्य केंद्र बिंदु रहा भारत की प्राचीन शिक्षा परंपरा और नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का प्रभाव।

मुख्य वक्ता विवेक शेंडे क्षेत्रीय अध्यक्ष, विद्या भारती ने कहा कि भारत की शिक्षा प्रणाली सदियों से ज्ञान, संस्कार और समरसता की प्रतीक रही है। गुलामी के कालखंड में हमारे गौरवशाली इतिहास को मिटाने की कोशिश की गई, जिससे समाज अपनी परंपरा से दूर हो गया। उन्होंने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति से आने वाली पीढ़ी में राष्ट्रीयता, आत्मनिर्भरता और संस्कारों की भावना का संचार होगा। उन्होंने नई शिक्षा नीति के पांच प्रमुख बिंदुओं कृ ग्रहण करने की अनुकूलता, लीडरशिप एवं जिम्मेदारी, स्वविवेक, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक समावेश पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रथम सत्र में प्रांतीय सह सचिव ने सामाजिक समरसता पर जोर देते हुए कहा, यदि हम समरसता को अपने जीवन में उतार लें तो समाज में 90% सुधार अपने आप आ जाएगा।

सामाजिक समरसता केवल विचार नहीं, यह जीवन जीने की पद्धति है। मंच पर प्रांत प्रमुख श्रीराम भावसार, विभाग समन्वयक गुरुचरण गौड़, प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य रश्मि रघुवंशी एवं वरिष्ठ शिक्षाविद आरएस राजपूत की उपस्थिति रही। विभाग समन्वयक गुरु चरण गौड़ ने विषय की प्रस्तावना प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन महेंद्र सिंह ने किया। अतिथियों का स्वागत स्थानीय समिति के सचिव मुकेश सेन, सह सचिव प्रीति गौतम एवं वर्षा मंगल, राजीव यादव ने किया। कार्यक्रम के समापन पर शिक्षाविदों ने अतिथियों से संवाद कर शिक्षा क्षेत्र में होने वाले बदलावों पर विचार साझा किए। संगोष्ठी में नई शिक्षा नीति को भविष्य निर्माण की आधारशिला के रूप में सराहा गया।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर कुरावर में निकला पथ संचलन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरावर



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में रविवार शाम कुरावर नगर में पथ संचलन का आयोजन किया गया। पथ संचलन शाम 4 बजे नगर की पुरानी बस्ती से प्रारंभ हुआ। नगर की मां अन्नपूर्णा बस्ती, मां गायत्री बस्ती, मां दुर्गा बस्ती तीनों बस्ती के स्वयंसेवक अपने-अपने बस्तियों में संचलन करते हुए निकले।

तीनों बस्तियों का समागम संचलन करते हुए बस स्टैंड पर होकर नगर के मुख्य मार्ग से निकलते हुए संघ स्थान हायर सेकंडरी ग्राउंड पर पहुंचा करीब 700 से अधिक स्वयंसेवको ने कदम ताल मिलाते हुए पूर्ण गणवेश में अनुशासन और उत्साह के साथ पथ संचलन में भाग लिया। नगर के चैक चैराह पर स्थानीय नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। पथ संचलन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मध्यभारत प्रांत विद्या भारती के संगठन मंत्री निखिलेश महेश्वरी उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वयंसेवक समाज सेवा और दुखी बंधुओं की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। उन्होंने कहा कि संघ की यात्रा में पूर्वज स्वयंसेवकों के बलिदान और अनुशासन का ही परिणाम है कि आज शासन, प्रशासन और समाज के हर क्षेत्र में स्वयंसेवक अग्रणी भूमिका में दिखाई देते हैं। पथ संचलन के दौरान नगरवासियों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया और राष्ट्रभक्ति के नारों से वातावरण गूंज उठा। कार्यक्रम का समापन भारत माता की जय और जय श्रीराम के जयघोष के साथ हुआ। इस अवसर पर खण्ड संघचालक ज्ञानसिंह मीना सहित अनेक गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे। पथ संचलन के दौरान स्वयंसेवकों की अनुशासन और देशभक्ति की भावना को देखकर नगरवासियों ने उनकी प्रशंसा की। वहीं सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस प्रशासन, राजस्व विभाग का पूर्ण सहयोग रहा।

# अवैध शराब पर कार्रवाई : आबकारी विभाग ने पकड़ी एक लाख से अधिक की मदिरा



**सारंगपुर।** शनिवार को वृत्त सारंगपुर एवं नरसिंहगढ़ में आबकारी संयुक्त दल द्वारा अवैध मदिरा के संग्रहण एवं विक्रय के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान भारी मात्रा में अवैध मदिरा बरामद कर ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई।

इस कड़ी में सारंगपुर वृत्त प्रभारी सौरभ कनासे द्वारा ग्राम बनी, कुडलसा, टिकोद, रेठानी और बुडनपुर में आबकारी अधिनियम के तहत 12 प्रकरण कायम किए गए। इस दौरान विदेशी मदिरा बीयर 3.5 लीटर, देशी मदिरा मसाला 5 लीटर, प्लेन 2.8 लीटर एवं हाथ भट्टी की कच्ची मदिरा 20 लीटर जप्त की गई। साथ ही 840 किलो महुआ लहान मौके पर नष्ट किया गया। जब्त मदिरा की कुल कीमत लगभग 92,636 आंकी गई। आठ स्थानों पर तलाशी कार्रवाई भी की गई। वही नरसिंहगढ़ वृत्त प्रभारी पूजा चंदन वर्मा द्वारा तलेन, इकलेरा, नहाली, चौमा और बरनावद में आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के तहत 11 प्रकरण दर्ज किए गए। लागत लगभग 17,055 पाई गई। दोनों वृत्तों की संयुक्त कार्रवाई में कुल 1,09,691 मूल्य की अवैध मदिरा जब्त की गई। इस दौरान अंकित चौहान, परिवीक्षाधीन आबकारी उपनिरीक्षक दीपक राजपूत, मुख्य आरक्षक मोहन यादव, गौरीशंकर विजयवर्गीय, इमरान खान, संजय देशवाली, महिमा मीना, राशिका साहू, गौतम, रत्नेश मौजूद थे।

# युवा उत्सव के अंतर्गत छात्राओं ने अखंड भारत मानचित्र की रंगोली बनाई



**ब्यावरा।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस महाविद्यालय ब्यावरा में 13 अक्टूबर को युवा उत्सव कार्यक्रम के तहत राष्ट्रभक्ति को समर्पित अखंड भारत मानचित्र निर्माण गतिविधि आयोजित की गई। जिसमे छात्राओं ने अखंड भारत मानचित्र की रंगोली बनाई। कार्यक्रम में अभाविप भाग संयोजक जीत शिवहरे उपस्थित रहे। इस प्रेरणादायक गतिविधि में महाविद्यालय की छात्रा भूमिका शाक्यवार, पुत्री विनोद शाक्यवार, कक्षा बी.ए. तृतीय वर्ष, ने सहभागी बनकर भारतीय उपमहाद्वीप का आकर्षक मानचित्र रंगोली के रंगों द्वारा स्वयँ निर्मित किया। यह मानचित्र राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रीय चेतना, सृजनात्मक अभिव्यक्ति एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना जागृत करना था। महाविद्यालय परिवार ने भूमिका शाक्यवार के इस सराहनीय कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की तथा आगे भी ऐसे राष्ट्रहितकारी प्रयास जारी रखने का आह्वान किया।

टीएल बैठक में जिलाधीश ने विभाग प्रमुखों को दिए अहम निर्देश

# ओवर रेट पर उर्वरक बेचने वालों के लायसेंस करें रद्द: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजगढ़



जिले के सभी एसडीएम यह सुनिश्चित करें उनके अनुभाग क्षेत्र में खाद-बीज दुकानों पर रेट लिस्ट चस्पा की जाए। अगर किसी भी उर्वरक या खाद-बीज दुकान से ओवर रेट में सामग्री बेचे जाने की शिकायत प्राप्त हो तो संबंधित विक्रेता का लायसेंस तुरंत रद्द कर दिया जाए।

उक्त निर्देश कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा द्वारा सोमवार दोपहर आहूत समय-सीमा बैठक के दौरान प्रदान किए गए। भावांतर भुगतान योजना में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर कृषि विभाग के सहायक संचालक व्हीं.के. नायता के मोबाइल नंबर 62699-02405 पर संपर्क कर सकते हैं। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का सभी विभाग प्रमुख गंभीरता से निराकरण करें। खाद्य विभाग, कृषि विभाग, जल निगम, सीएमओ ब्यावरा, खनिज विभाग की जो शिकायतें लम्बित हैं, उनमें उचित जवाब डालें और निराकरण करें। स्वास्थ विभाग जिम्मेदारी तय कर शिकायतें क्लोज करें। बिना अनुमति मुख्यालय छोड़ने पर नरसिंहगढ़ जनपद सीईओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने एवं चाइल्ड लाइन में रिकार्ड संधारण ठीक न होने पर मनीष शर्मा की एक वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए गए।

### सभी विभाग प्रमुखों को दिए अहम निर्देश

बैठक में कलेक्टर ने सभी एसडीएम, एसडीओपी को निर्देशित किया कि आतिशबाजी की दुकाने व्यवस्थित और सुरक्षित जगह ही लगवाई जाएं साथ ही स्वयं स्थल निरीक्षण भी करें। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि सभी अधिकारी-कर्मचारियों की ई-ऑफिस आईडी लॉगिन रहें। सीईओ जनपद पंचायत खिलचीपुर अपनी टीम को ई-ऑफिस में फाईलों का मूवमेंट बढ़ाएं। बैठक में कलेक्टर ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में ई-केवायसी अभियान को गत दिवस भोपाल में आयोजित कलेक्टर-कमिश्नर बैठक में भी सराहा गया है। अभी जो ई-केवायसी बची हैं, सीईओ जनपद पंचायत इसे भी पूर्ण करें। भावांतर योजना में जिन जिला अधिकारियों की ड्यूटी लगी है, वह मंडी अधिकारियों से समन्वय कर सभी व्यवस्थाएं देखें।

# फूलमाली समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह 5 नवंबर को

### प्रतिभाओं को खोजने के लिए गांव-गांव जा रही है समिति



**ब्यावरा।** फूलमाली समाज का 14वां प्रतिभा सम्मान समारोह खिलचीपुर में 5 नवंबर को आयोजित किया जा रहा है। आयोजन समिति के मीडिया प्रभारी सुरेश सुमन ब्यावरा ने बताया कि सम्मान समारोह में राजगढ़ जिले के साथ गुना जिले की चाचौड़ा तहसील को भी शामिल किया जाता है। समारोह में 5वीं, 8वीं में ए ग्रेड,10वीं ,12वीं, स्नातक में 70 प्रतिशत प्राप्त करने वाले छात्र छत्रों का सम्मान किया जाएगा। सभी छात्र छत्रों के माता-पिता अपने बच्चों की मार्कशीट स्थानिय समाज अध्यक्ष के पास 25 अक्टूबर तक अनिवर्य रूप से जमा कर दें। रविवार को समिति ने प्रचार के लिए ग्राम हिरनखेड़ा, राजगढ़, चाचौड़ा, बीनागंज, ब्यावरा, मलावर, लखनवास, नापानेरा, बड़ोदिया जागीर आदि गांव में जनसंपर्क कर अधिक से अधिक प्रतिभाशाली बच्चों की मार्कशीट जमा करने की अपील समाज बंधुओं से की। जनसम्पर्क के दौरान दीपक पुष्पद प्रदेश महामंत्री, अजय मालाकार जिला अध्यक्ष राजगढ़,पवन मालाकार जिला उपाध्यक्ष खिलचीपुर, प्रेम मालाकार समाज उपाध्यक्ष खिलचीपुर, राजेश पुष्पद राजगढ़ आदि शामिल रहे।